# सिरसा भास्कर

हिसार, रविवार, 11 मई, 2025 dainikbhaskar.com

RERA REGISTRATION NO.:
HRERA-PKL-SRS-679-2025
https://haryanarera.gov.in/Projects

भारतीय सेना
हमारी रक्षा, हमारा गौरव

सरहद पर खड़े जवानों को सलाम,
आप हैं तभी हम सुरक्षित हैं ।



SHREEMAT
CITY CENTRE
SIRSA
A UNIT OF SHREEMAT TEXWORTH PVT. LTD.

info@citycentresirsa.com | 800 700 6006

SITE: OPPOSITE HOTEL AROMA INN, DABWALI ROAD, SIRSA-125055 (HARYANA)

## ॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

### कुम्हारिया गांव में हर माह चतुर्थी पर लगता है सतीदादी मंदिर में मेला

**नाथूसरी चौपटा** | सिरसा जिले के कुम्हारिया गांव स्थित सतीदादी मंदिर में हर माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को भव्य मेला लगता है। इस दिन हरियाणा और राजस्थान के कई जिलों से हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। श्रद्धालु सतीदादी की प्रतिमा के दर्शन कर धोक लगाते हैं। प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। मान्यता है कि यहां मनोकामनाएं पूरी होती हैं। चर्म रोगों से भी मुक्ति मिलती है। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुटने लगते हैं। लोग पैदल, ऊंटगाड़ियों, ट्रैक्टरों, मोटरसाइकिलों, जीपों और अन्य वाहनों से पहुंचते हैं। महिलाओं और बच्चों की भागीदारी विशेष रूप से अधिक रहती है। श्रद्धालु दूध, घी, पतासे, नमक, झाड़ू, चुनरी और चूड़ियां आदि प्रसाद के रूप में चढ़ाते हैं। मंदिर परिसर में रंग-बिरंगी दुकानों से माहौल उत्सव में बदल जाता है। महिलाएं मेले से मनिहारी का सामान और बर्तन खरीदती हैं। बच्चे खिलौनों की खरीददारी कर आनंद लेते हैं। मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन भी होता है। भक्ति गीतों की स्वर लहरियों से वातावरण आध्यात्मिक बना रहता है। श्रद्धालु दिनभर पूजा-पाठ, हवन और भजन-कीर्तन में लीन रहते हैं। इस धार्मिक आयोजन की व्यवस्था ग्राम पंचायत और श्री महारानी सेवा समिति कुम्हारिया करती है। समिति द्वारा पेयजल, साफ-सफाई और अन्य जरूरी सुविधाओं का बेहतर प्रबंध किया जाता है। मंदिर के पुजारी रघुवीर शर्मा ने बताया कि सतीदादी के इस मंदिर में सच्चे मन से धोक लगाने और प्रसाद चढ़ाने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। चर्म रोगों से मुक्ति मिलने की भी जनश्रुति है। इसी आस्था के चलते दूर-दूर से भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। कुम्हारिया का यह मेला धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बन गया है।

### स्कॉलर इंडिया गुरुग्राम के सहयोग से पुस्तक मेला लगाया

# पुस्तकें ज्ञान का स्त्रोत, ये व्यक्तित्व निर्माण में भी मदद करती हैं: अरुण

भास्कर न्यूज | फतेहाबाद

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में स्कॉलर इंडिया गुरुग्राम के सहयोग से पुस्तक मेले और डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्कूल के पुस्तकालय विभाग की ओर से किया गया। पुस्तक मेले का उद्घाटन स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा, पुस्तकें ज्ञान का स्त्रोत होती हैं। यह व्यक्तित्व निर्माण में भी मदद करती हैं। ऐसे आयोजन छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

मेले में स्कॉलर इंडिया द्वारा विज्ञान, गणित, साहित्य, इतिहास, कहानियों, आत्मविकास, प्रतियोगी परीक्षाओं और चरित्र निर्माण से जुड़ी किताबें प्रदर्शित की गईं। छात्र और अभिभावक इन पुस्तकों को लेकर उत्साहित दिखे। उन्होंने कई विषयों की किताबों में रुचि दिखाई।




फतेहाबाद | पुस्तक मेले का उद्घाटन करते प्रधानाचार्य अरूण शर्मा।

पुस्तकालयाध्यक्षा पारुल जताना ने बताया, इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना है।

साथ ही उन्हें डिजिटल युग में भी पुस्तकों के महत्व से परिचित कराना है। इसी दौरान गणपति डेंटल केयर की ओर से डेंटल चेकअप शिविर भी लगाया गया। इसमें डॉ. विपिन बंसल ने छात्रों के दाँतों की जांच की। उन्होंने दाँतों की देखभाल के तरीके बताए। साथ ही दाँतों की सुरक्षा को लेकर जरूरी सावधानियों की जानकारी दी।

### मदर्स- डे पर बच्चों ने जताया मां के प्रति प्यार

भास्कर न्यूज | भूना

शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नहला में मदर्स डे पर भव्य कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य दीपक नारंग की अगुवाई में बच्चों ने अपनी माताओं के लिए प्रेम और सम्मान से भरे कार्यक्रम पेश किए। शुरुआत कविता, भाषण और गीतों से हुई। छात्रों ने माँ की ममता और त्याग को शब्दों में पिरोया। दर्शक भावुक हो उठे।

कक्षा 5वीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य प्रस्तुत किए। तालबद्ध संगीत पर बच्चों के मनमोहक नृत्य ने सभी का दिल जीत लिया। कक्षा 3 से 12वीं तक के छात्रों के लिए कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता हुई। माताओं के लिए भी खेल और नृत्य प्रतियोगिताएं रखी गईं। प्रधानाचार्य दीपक नारंग ने कहा।माँ के बिना जीवन अधूरा है। इस दिन को मनाकर हम उनके योगदान को सम्मान देते हैं। कार्यक्रम में विनोद शर्मा, सोनू जागलान, अजय मौर्या, गौरव शर्मा, राजीव बिश्नोई, सोहन लाल, ममता व अन्य मौजूद रहे।

### मातृ दिवस पर करवाए सांस्कृतिक कार्यक्रम

भास्कर न्यूज | रतिया

शहनाल रोड स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पर भावनात्मक कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने मां के प्रति प्रेम और सम्मान जताते हुए सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत कार्ड मेकिंग और गुलदस्ता बनाने की प्रतियोगिता से हुई।

बच्चों ने रंगों और फूलों से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। हर कार्ड और बुके में मां के प्रति श्रद्धा झलकी।

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने मां पर आधारित गीतों पर नृत्य और गायन किया। इन प्रस्तुतियों ने सभी को भावुक कर दिया। प्राचार्य अदेश शर्मा ने कहा, मां ईश्वर का वह रूप है जो निस्वार्थ प्रेम करती है। ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाते हैं।

### धर्म का विज्ञान



स्व. श्रीमती के. अलमेलू की बेटी

डॉ. डी.के. हेमा हरि



## भारतीय संस्कृति में संपूर्ण ब्रह्मांड में फैले मातृत्व का सम्मान

**भारत** एक ऐसी भव्य सभ्यता है, जो समय की सभी कसौटियों को पार करती आई है। यह शायद विश्व की उन गिनी-चुनी सभ्यताओं में से एक है, जिसकी सांस्कृतिक परंपराएं बिना टूटे-रुके 7000 साल या उससे भी अधिक समय से चली आ रही हैं। भारत के हर कोने में मातृभूमि को मां मानने की परंपरा बहुत पुरानी है। 'भारत माता' नाम से हमारी इस पावन भूमि को सदियों से पुकारा गया है और बड़े सम्मान से पूजा गया है। भारतीय परंपरा में मां के कई रूपों को सम्माननीय और पूजनीय माना गया है। ये हैं- आत्म माता, यानी हमें जन्म देने वाली मां। गुरु पत्नी, जो मार्गदर्शक की तरह होती है। उन्हें गुरु मां भी कहा जाता है। राजा की पत्नी जो राज्य की मां मानी जाती है। गौमाता जिससे हमें पोषक दूध और पोषण मिलता है। धात्री यानी जो बच्चों की ही नहीं, बल्कि मनुष्य, पशु-पक्षी, पेड़-पौधे आदि का भी एक मां की तरह पालन-पोषण करती है और पृथ्वी यानी धरती मां, जो सबको जीवन देती है। सबका भार सहती है। इसलिए हमारी सभ्यता में इस भूमि को भारत माता कहा गया है और पूरी धरती को पृथ्वी मां, भू-माता, भूमा देवी या भू-देवी के रूप में पूजा गया है।

'मां' के आदर का यह विचार धरती से लेकर पूरे ब्रह्मांड तक फैला हुआ है। ब्रह्मांडीय स्तर पर हम आदि शक्ति के रूप में मां को पूजते हैं। धरती के रूप में भू-देवी, पृथ्वी को मां मानते हैं। राष्ट्र के रूप में भारत माता का सम्मान करते हैं। इसी तरह विभिन्न राज्यों-भाषाओं की भी अधिष्ठात्री देवियां यानी मां हैं। जैसे- कश्मीर पुरवासिनी, कन्नड़ अंबे, तेलुगु तल्लि, उत्कल जननी, तमिल थाई आदि। गांव के स्तर पर ग्राम देवी को मां माना जाता है। ये सभी माताएं सृष्टि में विभिन्न स्तरों में प्रकृति के विभिन्न रूप हैं जो सृजन, पोषण और संरक्षण करती हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारत माता का यह विचार और गहराई से सामने आया था। तब भारत माता के मंदिर, चित्र, कविताएं, नाटक, गीत और फिल्में इस भावना को जागृत करने के माध्यम बने थे। अबनींद्रनाथ ठाकुर, जो रवींद्रनाथ ठाकुर के भतीजे थे और 'इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरिएंटल आर्ट' के संस्थापक भी थे, उन्होंने भारत माता का एक प्रसिद्ध चित्र बनाया था। इस चित्र का उद्देश्य जनता में देशभक्ति की भावना को जागृत करना था।

**धर्म का विज्ञान यह है : मां शब्द मस्तिष्क में प्रेम, सुरक्षा और अपनापन पैदा करता है। जब किसी के प्रति सर्वोच्च सम्मान प्रदर्शित करना हो तो उसे मां के समकक्ष दर्शाया जाता है। धरती तथा देश को मां मानने की सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं संपूर्ण प्रकृति और ब्रह्मांड में फैले मातृत्व के प्रति सर्वोच्च सम्मान प्रदर्शित करने का तरीका है।**




फतेहाबाद | स्कूल में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते हुए बच्चे ।

## गांधी विद्या मंदिर स्कूल में मां को समर्पित कीं प्रस्तुतियां

**फतेहाबाद** | सेक्टर-12 स्थित गांधी विद्या मंदिर स्कूल में मदर्स डे पर विशेष कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत वाइस प्रिंसिपल मोनिका शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। मंच संचालन कक्षा नवम् की छात्रा डोलसी ने किया। कक्षा द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ के विद्यार्थियों ने नृत्य के जरिए मां के प्रति भावनाएं व्यक्त कीं। कक्षा छठी की छात्रा रजनी ने कविता के माध्यम से मां के त्याग और बलिदान को दर्शाया। मंच की सजावट आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर संदीप की देखरेख में हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल सुशील शर्मा ने सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार दिए और बच्चों व शिक्षकों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### सामाजिक समरसता की रीढ़ थे भगत धन्नाजी

**सिरसा** | भगत धन्नाजी ट्रस्ट की ओर से जाट धर्मशाला में उनके जन्मोत्सव पर कार्यक्रम हुआ। इसमें पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि भगत धन्नाजी सामाजिक समरसता की रीढ़ थे। उनकी शिक्षाओं से लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों, पीर-पैगंबरों की भूमि रहा है। उनकी शिक्षाओं ने भारतीयों में संस्कारों की जड़ें मजबूत की हैं। कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से भगत धन्नाजी के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया। इसमें सुनीता दुग्गल के साथ नगरपरिषद चेयरमैन वीर शांतिस्वरूप भट्टी, युवा नेता कर्ण प्रताप सिंह बेदी, ट्रस्ट की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीटा कासनिया, ट्रस्ट अध्यक्ष अमरीक सिंह राही, संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, वरिष्ठ पदाधिकारी महेंद्र घणघस और हनुमान गोदारा शामिल रहे। पुस्तक विमोचन का उद्देश्य था कि अधिक से अधिक लोग भगत धन्नाजी के जीवन से प्रेरणा लें।

# शिक्षकों के लिए साक्षरता सेमिनार

### कार्यक्रम में 65 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने लिया भाग, सभी को दिए प्रमाण पत्र



भास्कर न्यूज | रतिया

डीएवी स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता सेमिनार हुआ। इसका उद्देश्य शिक्षकों को आर्थिक जागरूकता देना था। उन्हें व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, बचत, निवेश और पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई। सेमिनार में पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर्ड अधिकारी रामपाल पूनिया ने व्याख्यान दिया। उन्होंने घरेलू बजट, कर नियोजन, सरकारी और निजी निवेश विकल्प, बीमा योजनाएं, राष्ट्रीय पेंशन योजना और डिजिटल लेनदेन पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में 65 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शिक्षकों ने सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने सरल और व्यावहारिक जवाब दिए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। अंत में प्रधानाचार्या मोनिका खन्ना ने आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाते हैं। इससे वे खुद की वित्तीय योजना बेहतर बना सकेंगे। साथ ही छात्रों को भी वित्तीय अनुशासन की प्रेरणा दे पाएंगे। मोनिका खन्ना, किरण धवन, ज्योति चुघ और सौरभ सरदाना ने विशेषज्ञों को पौधे देकर सम्मानित किया।

# मातृ दिवस पर दी नृत्य की प्रस्तुति




**फतेहाबाद** | आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरियापुर में शुक्रवार को मातृ दिवस पर विशेष कार्यक्रम हुआ। नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने इसमें भाग लिया। बच्चों ने गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान जताया। स्कूल के एमडी दर्शन मैहता ने मातृ दिवस के महत्व पर बात की।

### बच्चों ने फिल्मी गीतों पर किया अभिनय

भास्कर न्यूज | टोहाना

हेलो किड्स स्कूल में मदर्स डे पर विशेष कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल निदेशक बलदेव सैनी ने मां की ममता कविता से की। बच्चों ने अपनी मां के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने फिल्मी गीतों पर अभिनय कर मां के प्रति भावनाएं जताईं। कक्षा स्तर पर बच्चों ने प्रस्तुति दी। नर्सरी से यूकेजी तक के छात्रों के लिए सोलो डांस प्रतियोगिता हुई।

## आज का पंचांग



पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत् :** वैशाख, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, रविवार रात्रि 08:02 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1446, मुस्लिम माह जिल्काद, तारीख 12, सूर्य उत्तरायण, ग्रीष्म ऋतु, 11 मई।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** स्वाति नक्षत्र संपूर्ण दिनरात रहेगा। व्यतिपात योग अगले दिन प्रात: 05:00 तक रहेगा, इसके बाद वरियान योग रहेगा। गर करण प्रात: 06:46 तक रहेगा, इसके बाद वणिज करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रात: 05:30) :** सूर्य-मेष, चंद्र-तुला, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरु-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में स्थित है।

**दिशाशूल : पश्चिम दिशा-** यदि जरूरी हो तो छुआरा खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**राहुकाल :** सायं 04:30 से 06:00 तक रहेगा।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** भद्रा रात्रि 08:02 से, सूर्य कृत्तिका में दोपहर 01:18, छिन्नमस्ता जयंती, श्री नृसिंह जयंती व व्रत, गुरु अमरदास जयंती प्राचीन मत से, श्री आद्य शंकराचार्य कैलाश गमन, मदर्स डे, व्यतिपात पुण्यं, रवि योग दोपहर 01:18 से संपूर्ण दिनरात।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रात: 07:25 से 09:04 तक चर का, प्रात: 09:04 से दोपहर 12:23 तक लाभ व अमृत का, दोपहर 02:02 से 03:42 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** आज रविवार को प्रातः स्नानादि के बाद जलपूर्ण कलश में लाल पुष्प, लाल चंदन डालकर सूर्य भगवान को चढ़ाएं। इसके प्रभाव से ऐश्वर्य एवं आत्मबल बढ़ता है। आदित्यहृदय स्तोत्र का पाठ करें और दिन में एक बार बिना नमक का भोजन करें तो सूर्य जनित दोष दूर होते हैं। आज प्रातः व्रत का संकल्प कर नदी किनारे जाकर चार बार तिल, गोमय, मिट्टी और आंवला मलकर स्नान करें और नृसिंह भगवान का पूजन करें तो सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। आज व्यतिपात योग में बैल का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:45 | स्वाति | 1 | रजत | तुला | रू |
| 10:01 | स्वाति | 2 | रजत | तुला | रे |
| 16:47 | स्वाति | 3 | रजत | तुला | रो |
| 23:32 | स्वाति | 4 | रजत | तुला | ता |

## गर्भवती महिला को पीएम मातृ वंदना योजना से मिल रही 5 हजार की मदद

**ओढ़ां** | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ां में मासिक शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी गई। चिकित्सा अधिकारी प्रदीप सिहाग ने बताया कि यह योजना केंद्र सरकार की है। इसके तहत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक सहायता दी जाती है। इसका उद्देश्य गर्भावस्था और प्रसव के दौरान महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और पोषण देना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पहले जीवित बच्चे के लिए महिलाओं को तीन किस्तों में कुल 5,000 रुपये मिलते हैं। पहली किस्त 1,000 रुपये की होती है, जो गर्भधारण के 150 दिन के भीतर दी जाती है। दूसरी किस्त 2,000 रुपये की होती है, जो 180 दिन के भीतर दी जाती है। तीसरी किस्त 2,000 रुपये की होती है, जो प्रसव के बाद और शिशु के पहले टीकाकरण चक्र पूरा होने पर दी जाती है। इसके बाद एलएचवी पाल कौर ने गर्भवती महिलाओं को खानपान और देखभाल के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में मां और शिशु दोनों के लिए संतुलित आहार जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि हर 4 घंटे में कुछ न कुछ खाएं, चाहे भूख न भी लगे। वजन बढ़ने की चिंता न करें। आहार में साबुत अनाज, प्रोटीन, सब्जियां, फल, दूध, दही और पनीर शामिल करें। इस अवसर पर एएनएम संतोष, आशा सहयोगिनी जसविंद्र पाल शर्मा, आशा वर्कर किरणाजीत ओढ़ा, प्रकाश कौर, सुमन जंडवाला जाटान, सिमरजीत सालमखेड़ा और कई गर्भवती महिलाएं मौजूद रहीं।



**बलियाला** | ग्रीन वैली स्कूल में बनाए गए कार्ड दिखाते हुए बच्चे।

## मदर्स डे पर बच्चों ने बनाए ग्रीटिंग कार्ड

**बलियाला** | गांव नंगल ढाणी के ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को मदर्स डे बड़े उत्साह से मनाया गया। छात्रों ने स्कूल समुदाय की सभी माताओं के सम्मान और सराहना के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्रों द्वारा अपनी माताओं को भावपूर्ण भाषण और हस्तनिर्मित कार्ड प्रस्तुत किए गए। पूरा माहौल उन सभी अद्भुत माताओं के लिए खुशी, कृतज्ञता और प्यार से भरा हुआ था। स्कूल की प्रधानाचार्य अंजू मेहता ने बच्चों को माताओं के प्रति प्यार, आदर व सम्मान करने के लिए जागरूक किया।


"हरे कृष्णा"



डॉ. एस. सी. प्रेमी

(सुपुत्र स्व. श्री हंस राज जी तनेजा )

सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा

1 सितंबर, 1940 – 7 मई, 2025 (भगवान कृष्ण के कमल चरणों में विलीन)

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूजनीय **डॉ. एस. सी. प्रेमी** सुपुत्र स्वर्गीय श्री हंस राज जी तनेजा, 7 मई, 2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गये हैं। आपसे विनम्र निवेदन है कि उनके जीवन के **विदाई समारोह में शामिल होने के लिए रविवार, 11 मई, 2025 को जनता भवन (राम भवन), सिरसा में** आयोजित **प्रार्थना सभा** में पधार कर हमें अनुगृहित करें।

**समय: दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे**

ज्यों-ज्यों हुकम, तिवै त्यो होवणा
जह-जह रखै आप, तह जाय खड़ोवणा
अर्थ: जैसा तेरा हुक्म है, वैसा ही होता है।
जहाँ जहाँ तू स्वयं रखता है, वहाँ वहाँ मैं जाकर खड़ा होता हूँ।

सादर स्मरण

श्रीमती शशि प्रेमी (धर्मपत्नी) — शशांक सुत तनेजा एवं अमी तनेजा (पुत्र एवं पुत्रवधू)
डॉ. शिप्रा एवं डॉ. मुनीश (पुत्री एवं दामाद) — डा. ऋषभ, डा. डोना, मृगज, सारन्या,
निखिल कर्ण तनेजा एवं नमिता तनेजा (पुत्र एवं पुत्रवधू) — कर्मण्य- अर्जुन एवं इरीना (पौत्र एवं पौत्रियाँ)

# सिरसा भास्कर

हिसार, रविवार, 11 मई, 2025 · मंडी डबवाली • कालांवाली · रानियां • ऐलनाबाद · dainikbhaskar.com






सिरसा। गांव फिरोजाबाद के खेतों में गिरी मिसाइल व एयर फोर्स के अधिकारी मिसाइल के टुकड़े को गाड़ी में लेकर जाते हुए।

शुक्रवार रात को सवा 12 बजे आसमान में मिसाइल हुई ब्लॉस्ट, तीन जगह बिखरा मिला मलबा, मिसाइल देख घबराए मजदूर चारपाई से गिरे

# हम छत पर सो रहे थे, ऊपर से निकला आग का गोला, फिर हुआ तेज धमाका

- फैक्ट्री में गिरने का था डर, एक किमी दूर खेतों में जा गिरी मिसाइल
- मिसाइल का वजन करीब दो से ढाई क्विंटल था, सुबह तक थी गर्म

भास्कर न्यूज | सिरसा

रात करीब सवा 12 बजे थे। हम 6 मजदूर फैक्ट्री की छत पर सो रहे थे। इतने में एक आग का गोला आया और हमारे ऊपर (करीब 30 फुट) से निकल गया। आग का गोला देखते ही हम लोग घबरा गए और चारपाई से भी गिर पड़े। इससे हमारे कोहनी आदि पर चोटें भी लगी। हम घबराकर उठे और देखा कि आग का गोला किस तरफ गया है। गनीमत रही कि मिसाइल का टुकड़ा फैक्टरी में नहीं गिरा। अन्यथा भारी नुकसान हो जाता। ये लाइव दास्तां खाजाखेड़ा रोड स्थित रातुसरिया फैक्टरी में काम कर रहे मजदूरों मेहंदी हसन, जगदीश, देसराज सोरगर ने सुनाई।

खाजाखेड़ा रोड पर स्थित रातुसरिया फैक्ट्री है। फैक्ट्री मालिक संजीव रातुसरिया ने बताया कि फैक्ट्री में हर समय मजदूर रहते हैं। उन्होंने बताया कि रात्रि करीब साढ़े 12 बजे मजदूरों का फोन आया कि यहां से आग का गोला (मिसाइल) गिरा है।

उन्होंने पूछा कि कोई जानी नुकसान तो नहीं हुआ। मजदूरों ने उन्हें बताया कि बाल-बाल बच गए। इस पर संजीव रातुसरिया ने कहा कि कोई बात नी, घबराओ मत, मैं आता हूं। इसके बाद पता चला कि मिसाइल का मलबा पास खाली खेतों में गिरा पड़ा है। शनिवार सुबह फैक्टरी की छत पर जाकर मजदूरों ने रात्रि की आपबीती सुनाई और खौफ का इंतजार किया। घटना से घबराए मजदूरों ने बताया कि वे बाल-बाल बच गए अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था। इस दौरान पैट्रोल पंप संचालक पवन शर्मा उर्फ पोपली भी पहुंचे और घटना को लेकर जानकारी दी।





सिरसा। मिसाइल को उठाकर गाड़ी में रखवाते ग्रामीण और घटना के बाद आपबीती बताते फैक्टरी संचालक और मजदूर।

## 200 मीटर दूर गिरा मिसाइल का मलबा

खाजाखेड़ा रोड स्थित खेत्रपाल कॉलोनी और सरस्वती कॉलोनी के एरिया में संजीव रातुसरिया के खेतों में मिसाइल गिरी। हालांकि मिसाइल का मलबा खाली खेतों में गिरा लेकिन गनीमत रही कि आबादी बाल-बाल बच गई। क्योंकि जहां मलबा गिरा वहां से लोगों के घर सिर्फ 200 मीटर की दूर पर थे। यदि मिसाइल थोड़ा सा आगे चली जाती तो घनी आबादी थी और यहां करीब 2000 से ज्यादा परिवार हैं।

## रात को बच्ची बोली : पापा आसमान में कुछ दिखा है

सरस्वती कॉलोनी निवासी राहुल ने बताया कि रात्रि के समय वे अपने परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। इस दौरान मेरी बेटी ने कहा कि पापा, आसमान में अभी-अभी कुछ नजर आया है। आग का गोला सा निकला है। इस पर राहुल घबरा गए और बच्ची के साथ-साथ परिवार के सदस्यों को कहा कि घबराओ मत, नीचे जाकर चुपचाप सो जाओ। इसी प्रकार सुनील कुमार, बीरा देवी और टीका राम ने बताया कि रात्रि के समय अचानक जोरदार ब्लास्ट हुआ। बदबू भी खूब आ रही थी। हमें ये नहीं पता चला कि मलबा कहां गिरा है।

## इधर... फिरोजाबाद के पास खेतों में गिरा मिसाइल का हिस्सा

शुक्रवार आधी रात गांव फिरोजाबाद के पास जोरदार धमाके हुए। रात 12:19 बजे थ्रेसर जैसी आवाज आई। कुछ सेकेंड बाद तेज धमाका हुआ। धरती कांपी। लोग ढ़ाणियों से बाहर निकल आए। सभी उस दिशा में दौड़े, जहां से आवाज आई थी। लेकिन कुछ नजर नहीं आया। 150 फीट दूर एक ढ़ाणी में रहने वाली गगनदीप और उसके पिता कश्मीर सिंह ने बताया कि आवाज के बाद कुछ भारी चीज जमीन पर गिरी। पुलिस को फोन कर सूचना दी गई। लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। सुबह खेत में जाकर देखा तो कुंदनलाल पुत्र बसावाराम के खेत में मिसाइल जैसी वस्तु नजर आई। पास जाकर देखा तो वह मिसाइल का हिस्सा था। जो घूमकर उसी दिशा में एक फीट गहरी जमीन में धंसा हुआ था। खबर फैलते ही आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग वहां पहुंच गए। सेना के जवान गाड़ी लेकर आए। मिसाइल को चेक किया गया। गांव के करीब 20 लोगों ने मिलकर उसे सेना की गाड़ी में रखवाया। उसका वजन करीब दो से ढाई क्विंटल था और सुबह तक गर्म थी। दिनभर खेत में लोगों की भीड़ लगी रही। लोग मिसाइल के पास खड़े होकर सेल्फी लेते रहे।

## पोल पट्टी




## तापमान/मौसम

दिन 38.0° अधिकतम

रात 24.6° न्यूनतम

बादल छाए रहने की संभावना।

## शहर में आज

- **बालाजी की आरती**
  कहां : श्री सालासर धाम मंदिर में
  समय : सुबह 8 बजे
- **जांच कैंप**
  कहां : नेहरू पार्क स्थित अस्पताल में समय : सुबह 10 बजे

## घर से आभूषण और नकदी चोरी करने वाले दो पकड़े

भास्कर न्यूज | सिरसा

थाना सदर सिरसा पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा किया। पुलिस ने रहमत कॉलोनी शाह सतनामपुरा स्थित एक घर से सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित जगमीत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी रहमत कॉलोनी गली नंबर 4 ने शिकायत दी थी। उसने बताया कि वर्ष 2023 में वह परिवार सहित डेरा सच्चा सौदा सत्संग में गया था। कुछ घंटों बाद लौटने पर देखा कि घर के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोर सोने की एक जोड़ी बालियां, एक सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पाजेब, एक मोबाइल फोन और 28 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर हुड्डा सेक्टर सिरसा से दो युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवकों की पहचान संत लाल उर्फ अजय पुत्र ओमप्रकाश निवासी कीर्ति नगर सिरसा और संदीप कुमार पुत्र हंसराज निवासी कंगनपुर रोड गली नंबर 10 सिरसा के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। दोनों को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड लिया जाएगा।

## हेरोइन के साथ दो तस्कर दबोचे

**सिरसा** | एनसीबी की सिरसा यूनिट ने गांव ढाणी सतनाम सिंह के पास दो नशा तस्करों को पकड़ा। दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार थे। इनके पास से 30.46 ग्राम हेरोइन मिली। आरोपियों की पहचान सतनाम सिंह पुत्र भजन सिंह और गुरदास पुत्र कुलवंत सिंह के रूप में हुई। दोनों गांव ढाणी सतनाम सिंह के ही रहने वाले हैं। एनसीबी यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व और उप पुलिस अधीक्षक जगजीत सिंह के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक सुखदेव सिंह अपनी टीम के साथ थाना रानियां क्षेत्र में मौजूद थे। उसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि दो तस्कर मोटरसाइकिल पर हेरोइन लेकर रानियां की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गांव ढाणी सतनाम सिंह के पास नाका लगाया। दोनों को मौके पर पकड़ लिया गया। राजपत्रित अधिकारी को बुलाकर तलाशी ली गई। तलाशी में 30.46 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ थाना रानियां में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## 8.800 ग्राम कोकीन सहित एक काबू

**डबवाली** | एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली पुलिस टीम ने शहर से एक युवक को करीब 8.800 ग्राम कोकीन सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान आरजू पुत्र राजेश कुमार मनचंदा निवासी नजदीक पंजाबी धर्मशाला कॉलोनी रोड मंडी डबवाली के रूप में हुई है। आरोपी आरजू के खिलाफ शहर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दिया गया है और आरोपी के कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग, विद्यार्थियों ने दिया सीडीएलयू गेट पर सात घंटे धरना

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बुलाई पुलिस, विद्यार्थियों को जबरन उठाया, परीक्षा नियंत्रक ने मांगें मानने से किया इनकार

भास्कर न्यूज | सिरसा

चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने परीक्षा पोस्टपोंड करने की मांग को लेकर धरना दे दिया। सीडीएलयू प्रशासन ने मांगें मानने से इंकार कर दिया। इस पर गुस्साए विद्यार्थियों ने गेट पर आकर धरना शुरू कर दिया और करीब 7 घंटे तक गेट पर बैठे रहे। दूसरी ओर डीसी को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याएं भी बताई। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस बुला ली। लेकिन विद्यार्थी अपनी जिद पर अड़े रहे। ऐसे में शाम करीब सवा 7 बजे पुलिस ने धरनारत विद्यार्थियों को जबरन धरनास्थल से उठा दिया।

सीडीएलयू के विद्यार्थी छात्र नेता तलविंद्र, रविंद्र के नेतृत्व में शनिवार सुबह करीब 11 बजे एकत्र होकर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने मांग की कि परीक्षा पोस्टपोंड की जाए। विद्यार्थियों ने तर्क दिया कि पिछले दिनों ब्लैक आउट रहा है और इस कारण वे पढ़ाई नहीं कर पाए। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में हॉस्टल के विद्यार्थी भी घर चले गए हैं। इसलिए उन्होंने मांग की कि परीक्षा को पोस्टपोंड किया जाए। लेकिन परीक्षा नियंत्रक ने विद्यार्थियों की मांगें मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद विद्यार्थी प्रशासनिक भवन के पास एकत्र हो गए। अधिकारियों के न आने पर गुस्साए विद्यार्थी रजिस्ट्रार ऑफिस पहुंचे। वहां भी बात नहीं सुनी तो विद्यार्थी सीडीएलयू के लघु सचिवालय की ओर बने गेट तक पहुंच गए। यहां विद्यार्थियों ने धरना दे दिया। यहां विद्यार्थियों की बात सुनने के लिए रजिस्ट्रार आए लेकिन उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश हैं, इसलिए परीक्षा को पोस्टपोंड नहीं किया जा सकता।



सिरसा। मांग को लेकर धरने पर बैठे विद्यार्थी और तैनात पुलिस।

## डीसी को भेजा ज्ञापन

गुस्साए विद्यार्थियों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में विद्यार्थियों कोमल, अंजू, संजू, प्रदीप, सिमरन, मानसी, सुमन, वैष्णवी, रवि, पूजा ने कहा कि युद्ध के कारण ब्लैक आउट होता है। इसलिए विद्यार्थी ठीक से पढ़ नहीं पाए। उन्होंने मांग की कि परीक्षाएं स्थगित की जाएं।

*सरकार के आदेश अनुसार ही सीडीएलयू प्रशासन फैसला ले रहा है। सरकार की ओर से पत्र आया है कि सभी परीक्षाएं निर्धारित शेड्यूल अनुसार होंगी, इसलिए यही बात विद्यार्थियों को बताई गई है। विद्यार्थियों को पढ़ाई करके परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए क्योंकि सोमवार से परीक्षा है अभी रविवार का समय भी बाकी है।'' –**डॉ. राजेश बांसल,** रजिस्ट्रार, सीडीएलयू, सिरसा।*

**भास्कर खास** मातृ दिवस... सिर से उठ गया था मां-पिता का साया, 3 बहन-भाइयों की मौसी बनीं मां

# मौसी से मिली मां की ममता, सेना में देखना चाहती थी जननीं मां, मांगेराम सेना में भर्ती होकर कर रहे देश सेवा

श्रीमती दर्शना देवी के पुत्र जगसीर शर्मा की रिपोर्ट

**सिरसा** | मां सिर्फ जन्म नहीं देती, जीवन भी संवारती है, गांव सुल्तानपुरिया की चावली देवी ने मां की ममता का असली रूप दिखाया। बहन बाधोदेवी की मौत के बाद उसके तीन छोटे बच्चों की जिम्मेदारी उठाई। उस समय बड़ा बेटा मांगेराम सिर्फ चार साल का था। छोटा बेटा संजय कुमार महज 12 दिन का। बड़ी बेटी अनिता रानी भी थी।

मां के जाने के चार महीने बाद पिता नत्थूराम की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। इसके बाद तीनों बच्चों की परवरिश मौसी चावली देवी और मौसा हरिसिंह ने की। मौसी चावली देवी को तीनों बच्चे मां पुकारते थे। दोनों ने बच्चों को अपने बच्चों की तरह पाला। कभी मां-बाप की कमी महसूस नहीं होने दी। दो साल बाद मौसा हरिसिंह का भी निधन हो गया। इसके बाद चावली देवी पर छह बच्चों की जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने पढ़ाई से लेकर परवरिश तक सब कुछ अकेले संभाला।



सिरसा। मांगेराम और उसकी पत्नी अपनी मां के साथ।

## मौसी नहीं मां कहकर बुलाते हैं सारे बच्चे

गांव की चावलीदेवी ने बहन बाधोदेवी, देवर नत्थूराम और पति हरिसिंह की मौत के बाद छह बच्चों की जिम्मेदारी उठाई। बच्चों की परवरिश और पढ़ाई अकेले की। लोगों के खेतों में दिहाड़ी मजदूरी कर बच्चों को पाला। खुद की जमीन बंजर थी, जिससे फसल नहीं होती थी। मेहनत कर सभी बच्चों को पढ़ाया। बेटियों की शादी भी करवाई। सारे बच्चे उसे मौसी नहीं, मां कहकर बुलाते हैं। उसे गर्व है कि उसका एक बेटा मांगेराम फौजी है। उसकी बहन बाधोदेवी की यही इच्छा थी कि बेटा सेना में भर्ती होकर देश सेवा करे।

## साल 2015 में पैरा मिलिट्री फोर्स में हुआ भर्ती

मांगेराम कहते हैं, मौसी सिर्फ मां जैसी नहीं, मां ही होती है। जन्म देने वाली मां बाधोदेवी अब इस दुनिया में नहीं हैं। लेकिन मौसी ने मां की तरह तीनों बहन-भाइयों की परवरिश की। मां का सपना था कि बेटा फौजी बने। देश की सेवा करे। मांगेराम ने मां के इस सपने को पूरा करने के लिए गांव के स्टेडियम में चार साल तक मेहनत की। पढ़ाई भी जारी रखी। साल 2015 में वह पैरा मिलिट्री फोर्स में भर्ती हो गया। मांगेराम ने बताया, मां-बाप बचपन में ही चल बसे थे। मां चाहती थीं कि बेटा देश की सेवा करे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**डबवाली** | गांव डबवाली से संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक 21 वर्षीय युवती लापता हो गई। जिसके बाद परिजनों ने शहर थाना में शिकायत देकर युवती की तलाश किए जाने की मांग की है पीड़िता कुलदीप कौर पत्नी गुरदियाल सिंह निवासी गांव डबवाली ने बताया कि 3 मई 2025 को उसके परिवार के सभी सदस्य किसी कारण वंश घर से बाहर गए हुए थे। इस दौरान घर पर उसकी 21 वर्षीय पोती अकेली थी। उसने बताया कि जब वह शाम को घर वापिस पहुंचे तो उसकी पोती घर पर नहीं थी। जिसके बाद पहले उन्होंने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में जांच पड़ताल की परंतु कोई सुराग नहीं मिला। पीड़िता की शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने गुमशुदगी की धारा के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# किसान एक्सप्रेस ट्रेन की सेवा आज और कल रद्द

अमृतसर, जोधपुर व जम्मू-कटरा जाने वाली बसें बंद

भास्कर न्यूज | सिरसा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाई अलर्ट के चलते बठिंडा से सिरसा होते हुए दिल्ली जाने वाली किसान एक्सप्रेस की सेवाएं 11 और 12 मई को रद्द कर दी गई हैं। यह ट्रेन रविवार को बठिंडा से दिल्ली नहीं जाएगी। इससे यात्रियों को भारी परेशानी होगी। सुरक्षा कारणों से सिरसा डिपो से पंजाब, राजस्थान और गुजरात की सीमाओं की ओर जाने वाली बस सेवाएं भी बंद की हैं।

फाजिल्का, अमृतसर, पोखरण, जोधपुर और जम्मू-कटरा जाने वाली बसों का संचालन नहीं किया गया। इन सभी रूटों की सेवाएं अगले आदेश तक स्थगित रहेंगी। बस चालकों और परिचालकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



इसके साथ ही उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेश पर आपात स्थिति से निपटने के लिए रोडवेज की 8 बसों को एंबुलेंस के रूप में तैयार रखा गया है।

इनमें से 4 बसें सिरसा डिपो और 4 डबवाली सब-डिपो में रिजर्व की गई हैं। इन बसों के लिए 8 चालकों और 8 परिचालकों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। सभी बसें पूरी तरह तैयार हैं। शनिवार सुबह से इन्हें संबंधित रूटों से हटा लिया गया है। जरूरत पड़ने पर तुरंत सेवा में लाई जाएंगी।

संडे बिग स्टोरी | स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां कीं शुरू, आने वाले मरीजों को तीन श्रेणियों में बांटा

# आपदा से निपटने को तैयार, एक साथ 2000 घायल भी आएं तो संभाल लेंगे

भूपेंद्र पंवार | सिरसा

युद्ध जैसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। जहां एक ओर शनिवार को विभाग ने नागरिक अस्पताल में मॉक ड्रिल के माध्यम से व्यवस्था को जांचा वहीं दूसरी ओर व्यापक स्तर पर बदलाव भी किए जाने की योजना तैयार की है। ताकि जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने प्रशासन के साथ मिलकर महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें मंथन के बाद बड़े स्तर की प्लानिंग तैयार की है। यदि आपात स्थिति बनी और अचानक बड़ी संख्या में घायल भी पहुंच जाएं तो उस स्थिति में भी स्वास्थ्य विभाग व्यवस्था संभाल लेगा, ऐसी तैयारी की जा रही है। इसके तहत नागरिक अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर को आपातकालीन विभाग के रूप में तैयार किया गया है। घायलों और मरीजों के हिसाब से तीन वर्ग (प्रोरिटी-1, 2 और 3) बनाए गए हैं। इसके आधार पर ही वार्ड बनाए गए हैं। ट्रॉमा सेंटर के ऑप्रेशन थियेटर, आईसीयू को प्रथम प्रोरिटी-1 के लिए रिजर्व किया गया है। इसी प्रकार नेत्र अस्पताल (आई ओपीडी) वाले एरिया में भी 6 अतिरिक्त बेड लगा दिए गए हैं।



सिरसा। अस्पताल में दूसरा गेट खोलने के लिए निशानदेही करते कर्मचारी।

### 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे स्टाफ सदस्य

विभाग की ओर से आपातकालीन स्थिति को देखते हुए गाइडलाइन जारी गई है। इसके तहत डायल 112 के तहत आने वाली कॉल पर एंबुलेंस को 5 मिनट में पहुंचना होगा। सभी स्टाफ कर्मचारियों जिनमें डॉक्टर और अन्य स्टाफ नर्स शामिल हैं, सभी 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे और अपने मोबाइल ऑन रखेंगे। इसके अलावा एक कॉल पर उपलब्ध होने की स्थिति में रहें। इतना ही नहीं, स्टेशन न छोड़ने और छुट्टी पर गए कर्मचारियों को भी वापस आने के निर्देश जारी किए हैं।

### डायल 112 पर आने वाली कॉल पर एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम अब पांच मिनट

डायल 112 पर आने वाली कॉल पर एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम अब पांच मिनट होना चाहिए यानी डायल 112 कॉल आने के 5 मिनट के भीतर एंबुलेंस को मौके पर पहुंचना होगा। नागरिक अस्पताल में सुबह 10.30 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन डमी मरीजों को लाया गया। इसके माध्यम से देखा गया कि किस तरह मरीजों को आपात स्थिति में देखा जाएगा और कैसे उनका इलाज होगा। इस दौरान एंबुलेंस की टाइमिंग भी देखी गई और इमरजेंसी वार्ड में स्थित आईसीयू की सुविधाओं को भी जांचा गया। कर्मचारियों की ओर से मरीजों को संभाला गया और जांच करके वार्ड में भेजा गया। इसके लिए एडवांस में तैयारियां की गई थी। ट्रामा सेंटर में गेट पर ही स्ट्रेचर रखे गए और विभिन्न मशीनें भी चालू हालत में रखी गई। गंभीर मरीजों को किस तरह देखा गया और कैसे इलाज हुआ। दवाओं की उपलब्धता भी देखी गई। नोडल ऑफिसर डॉ. पंकज ने बताया कि मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई और जो भी कुछ सुधार लायक नजर आया, उसे बता दिया गया।

### ओपीडी में लगेंगे 200 अस्थायी गद्दे, झूंथरा धर्मशाला को भी किया गया है रिजर्व

यदि आपात स्थिति में घायलों की संख्या बढ़ी तो अस्पताल प्रशासन ने ऐसी व्यवस्था की है ताकि सभी का इलाज एक साथ शुरू किया जा सके। इसके लिए नागरिक अस्पताल के ओपीडी विभाग को चुना गया है। ओपीडी वाले एरिया में पत्थर के बड़े-बड़े बैंच लगे हैं जहां मरीज बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। जरूरत पड़ने पर ओपीडी को सामान्य वार्ड के रूप में कन्वर्ट कर दिया जाएगा। ये पत्थर करीब 4-5 फुट चौड़े और 50 फुट तक लंबे हैं। ऐसे में इन पत्थरों पर करीब 300 गद्दे बिछाकर अस्थायी वार्ड तैयार किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने गद्दों और अन्य सामान की व्यवस्था पहले ही कर ली है। अस्पताल के साथ लगती झूंथरा धर्मशाला को भी वार्ड बनाने के लिए रिजर्व कर दिया गया है। जरूरत पड़ने पर वहां भी अस्पताल का वार्ड बनाया जा सकता है। इतना ही नहीं शहर के संजीवनी अस्पताल को भी तैयार रहने के लिए कहा गया है। जरूरत पड़ने पर शहर के सभी निजी अस्पतालों की सेवाएं ली जा सकती हैं। 150 से ज्यादा स्प्लिंट की भी व्यवस्था कर ली गई है ताकि हड्डी फ्रैक्चर होने पर इलाज में समस्या न आए।

## सेवा सुरक्षा अधिनियम लागू हो : जीवन सिंह

भास्कर न्यूज़ | सिरसा

सेवा सुरक्षा अधिनियम-2025 को लागू करने की घोषणा के 9 महीने बाद भी सरकार ने इसे लागू नहीं किया। इसको लेकर हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ, जो भारतीय मजदूर संघ से जुड़ा है, ने कालांवाली उपमंडल अधिकारी कार्यालय के बाहर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का कारण जन स्वास्थ्य विभाग कालांवाली के एक जेई द्वारा कच्चे कर्मचारियों के बिना कारण किए गए गलत तबादले भी रहे। प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीवन सिंह ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उपमंडल अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। इसके बाद उपमंडल अधिकारी के साथ बैठक हुई। अधिकारी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और गलत तरीके से किए गए तबादलों को तुरंत रद्द कर दिया।

कुछ मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन भी दिया। जीवन सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार कच्चे कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है। कुछ अधिकारी उन्हें गुलाम बनाए रखने की नीयत से गलत तबादले कर रहे हैं और शोषण कर रहे हैं। ठाकुर ने चेतावनी दी कि अगर जल्द सेवा सुरक्षा अधिनियम लागू नहीं हुआ और अधिकारियों की मनमानी नहीं रुकी, तो संघ आंदोलन के लिए तैयार है। प्रदर्शन में अजय शर्मा, सुखविंदर सिंह, रमनदीप सिंह, रवि, दिदार सिंह, मंतर सिंह, इकबाल सिंह, विकास कुमार, रविंदर सिंह और अमरजीत सिंह सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।

## नागरिक परिषद ने की बैठक

राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों ने लिया भाग


सिरसा। नागरिक परिषद की बैठक लेते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

भास्कर न्यूज़ | सिरसा

नागरिक परिषद सिरसा की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को बरनाला रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश चोपड़ा ने की। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें बीती रात सिरसा क्षेत्र के पास पाकिस्तान की ओर से आई मिसाइल की घटना पर चिंता व्यक्त की गई और भारतीय सेना द्वारा त्वरित कार्रवाई कर उसे निष्क्रिय करने के प्रयासों की प्रशंसा की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह घटना हमारे सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशीलता को दर्शाती है और हमें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 मई को सिरसा नगर में पराक्रम मार्च निकालकर सेना के पराक्रम का सम्मान किया जाएगा। इस बैठक में प्रमुख रूप से कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला, एसपी डॉ. मयंक गुप्ता, इनेलो के जिला अध्यक्ष जसबीर सिंह जस्सा, जेजेपी के जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा, कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा, रवींद्र पुरी, गुरजीत मान , सुरेंद्र भाटिया, जेजेपी के जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी, पन्नीवाला मोटा के सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बेनीवाल उपस्थित रहे। बैठक में बीती रात सिरसा क्षेत्र के पास पाकिस्तान की ओर से आई मिसाइल की घटना पर चिंता व्यक्त की गई और भारतीय सेना द्वारा त्वरित कार्रवाई कर उसे निष्क्रिय करने के प्रयासों की प्रशंसा की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह घटना हमारे सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशीलता को दर्शाती है और हमें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नागरिक परिषद सभी राजनीतिक दलों की ओर से सेना का मनोबल बढ़ाने, प्रशासन का हर संभव सहयोग करने, और जनसामान्य में विश्वास व अनुशासन बनाए रखने के लिए एकजुट होकर काम करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार को सुबह 10:30 बजे नागरिक परिषद और सर्वदलीय प्रतिनिधियों की ओर से बरनाला रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जाएगा जिसमें मीडिया के माध्यम से जनता से सजग, सतर्क रहने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की जाएगी।

# सेना के सम्मान में जय हिंद यात्रा निकली

भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे, कहा- सेना के पराक्रम से देश का सिर गर्व से ऊंचा हुआ

भास्कर न्यूज़ | सिरसा

भारतीय सेना के शौर्य और पाकिस्तान को दिए जवाब के सम्मान में कांग्रेस ने जय हिंद यात्रा निकाली। यात्रा कांग्रेस भवन से शुरू हुई। भगवान श्री परशुराम चौक पर संपन्न हुई। यात्रा में भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे। कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा, सेना के पराक्रम से देश का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। यह यात्रा वीर जवानों को सलामी देने और उनके बलिदान को नमन करने का माध्यम है। विधायक भरत सिंह बेनीवाल ने कहा, सेना ने देश की रक्षा में अद्भुत साहस दिखाया है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने नागरिकों का आभार जताया। कहा, यह यात्रा सेना का मनोबल बढ़ाने और देश की एकता का संदेश देने का प्रयास है। उन्होंने कहा, आतंकवाद का अंत जरूरी है। पूरा देश सेना के साथ खड़ा है। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब मिल रहा है। कार्यक्रम में कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, विधायक भरत सिंह बेनीवाल, वीर भान मेहता, राजकुमार शर्मा, आनंद बियानी, जिला महिला प्रधान उर्मिला भारद्वाज, गोपी राम चाड़ीवाल, सुभाष जोधपुरिया, रतन गेदर, युवा कांग्रेस महासचिव मोहित शर्मा, गजानंद सोनी, सुमित बेनीवाल, सुरजीत भावदीन, रामकुमार निरंकारी, श्याम लाल वर्मा, कमल कांटीवाल, नायब सिंह थिराज एडवोकेट, बलविंदर सरपंच, लीलूराम सरपंच, प्रवीण शर्मा, बृजलाल घोड़िल्ला, मोम्मन सैनी, गुरजिंदर सिंह नरेलखेड़ा सहित कई लोग मौजूद रहे।



भारतीय सेना के पराक्रम और पाकिस्तान को दिए जवाब के सम्मान में कांग्रेस नेता जय हिंद यात्रा निकालते हुए।

## कांग्रेस ही विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित : केहरवाला

भास्कर न्यूज़ | सिरसा

कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा दल है जो पूरी तरह से विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित है। वे शनिवार को कालांवाली हलके के गांव दड़बी, थेड़ी बाबा सावन सिंह, भावदीन और नेजाडेला कलां में खेत खलिहान योजना के तहत बनाए गए आईपीबी रास्तों के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। लाखों रुपये की लागत से बने इन रास्तों के लोकार्पण के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी मांग पर शीशपाल केहरवाला ने तेजी से काम करवाया। इससे गांवों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि कालांवाली हलका उनका परिवार है। यहां के लोगों की सुविधा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का विकास उनके सामाजिक जीवन से जुड़ा है। इसके लिए वे हमेशा तत्पर हैं। ग्रामीणों ने इलाके के विकास के लिए विधायक द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर गुरजिंद्र सिंह नरेलखेड़ा, धर्मेंद्र, जगनंदन सिंह, बलकरण सिंह, जसकरण सिंह और मोहनलाल फरवाई सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

## वार्ड सदस्यों के साथ एसडीएम ने की बैठक

**डबवाली** | एसडीएम अर्पित संगल ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में नगर परिषद डबवाली के वार्ड सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम अर्पित संगल ने सभी सदस्यों को सुरक्षा के दृष्टिगत जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात के समय अपने-अपने वार्डों में सभी लाइटें बंद रखें और आमजन से इसमें सहयोग की अपील करें।

## अमर सिंह ज्याणी फिर बने जेजेपी जिला प्रेस प्रवक्ता



**सिरसा** | जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने अमर सिंह ज्याणी को फिर से जिला प्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया। शनिवार को ज्याणी चौटाला हाउस पहुंचे। उन्होंने डॉ. अजय सिंह चौटाला का आभार जताया। इस मौके पर डॉ. चौटाला ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। ज्याणी पहले भी पार्टी के प्रवक्ता रह चुके हैं। डॉ. चौटाला ने कहा कि ज्याणी ने हमेशा पार्टी की नीतियों और कार्यों को मीडिया में बेहतर तरीके से रखा। इसी कारण पार्टी की छवि जिले में एक लोकप्रिय राजनीतिक और सामाजिक संगठन के रूप में बनी। ज्याणी ने कहा कि वे पार्टी और मीडिया के बीच मजबूत सेतु बनकर काम करेंगे। पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

## मोबाइल छीना झपटी की वारदात के 2 आरोपी काबू, फोन बरामद

भास्कर न्यूज़ | डबवाली



सीआईए डबवाली पुलिस टीम ने मोबाइल छीना झपटी के एक मामले में 2 आरोपी को काबू किया है और आरोपी के कब्जे से चोरी शुदा मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान अंग्रेज सिंह पुत्र जसवीर सिंह व सिकंदर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह निवासी रामा मंडी जिला बठिंडा पंजाब के रूप में हुई है। सीआईए डबवाली सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि 3 अप्रैल 2025 को तरविंदर पाल पुत्र साधू राम निवासी टप्पी जिला सिरसा की शिकायत पर कि दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसका मोबाइल छीनने पर थाना सदर में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जिसमें जांच के दौरान सीआईए डबवाली पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए 2 आरोपियों को छीने हुए मोबाइल के साथ काबू किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी अंग्रेज सिंह व सिकंदर सिंह को कोर्ट में पेश कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पुलिस के जवान युवाओं को दे रहे नशे से दूर रहने का संदेश

डबवाली पुलिस नशा मुक्त समाज बनाने के लिए चला रही अभियान

भास्कर न्यूज़ | ओढ़ां

डबवाली पुलिस नशा मुक्त समाज बनाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। पुलिस की टीमें नशा पीड़ितों का इलाज कराने, तस्करों को पकड़ने और लोगों को जागरूक करने में लगी हैं। आम लोग भी इस मुहिम में साथ दे रहे हैं। कई नशा पीड़ित अब खुद आगे आकर नशा छोड़ रहे हैं और समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

ओढ़ा क्षेत्र के युवा पुलिस के नशा मुक्ति कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डबवाली के मार्गदर्शन में अब तक जिले के कई स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाए जा चुके हैं।

इसी क्रम में थाना ओढ़ा की टीम गांव चोरमार खेड़ा के खेल मैदान पहुंची। वहां क्रिकेट खेल रहे युवाओं को नशे से दूर रहने और पढ़ाई व खेलों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। एसपीओ विक्रमादित्य ने युवाओं को नशे के दुष्परिणाम बताए। उन्होंने कहा कि शराब, अफीम, गांजा जैसी चीजें शरीर और दिमाग को नुकसान पहुंचाती हैं। नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को बर्बाद करता है। इससे शिक्षा, रिश्ते और आर्थिक स्थिति भी बिगड़ती है।

उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। इसका समाधान शिक्षा, जागरूकता और समाज के सहयोग से ही संभव है। युवाओं को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। समाज को भी नशे के खिलाफ जागरूकता फैलानी चाहिए। जिला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नशे से दूर रहें। यदि कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

## कबीर बस्ती में बाड़े में बांधी बकरियां चोरी, मामला दर्ज

भास्कर न्यूज़ | डबवाली

शहर के वार्ड नंबर 6 कबीर बस्ती में रात को एक बाड़े में बांधी बकरियां चोरी हो गया। जिसके बाद पीड़ित की शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने चोरी की धारा के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू दी है

पीड़ित विशाल पुत्र नंद लाल निवासी वार्ड नंबर 6 कबीर बस्ती मंडी डबवाली ने बताया कि 6 मई 2025 को रात करीब 2 बजे वह अपने घर पर सोया हुआ था तो एकदम से घर के पास किसी वाहन व बाड़े में बांधी हुई बकरियों की आवाज भी सुनाई दी। उसने बताया कि जिसके बाद वह शोर सुनकर घर से बाहर आए तो वहां खड़ी एक गाड़ी निकल गए। उसने बताया कि जिसके बाद जब उन्होंने बाड़े में जाकर देखा तो बाड़े में बांधी हुई उसकी व उसकी ताई काली की बकरियों में से ए 3 बकरियां व 1 बकरी का बच्चा गायब थे। जिसके बाद पहले उन्होंने अपने स्तर पर पता किया तो उन्हें पता चला की गाड़ी में चोर उसकी बकरियां उठाकर ले गए हैं। पीड़ित की शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने चोरी की धारा के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवा • शिक्षा • अवसर

यूजी कोर्सेज • साइंस के पेपर 14 मई और अंग्रेजी का पेपर तीन जून को

# CUET: विज्ञान के छात्रों को जीएस व अंग्रेजी की तैयारी के लिए ज्यादा समय

एजुकेशन रिपोर्टर | नई दिल्ली

एनटीए की ओर से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) का आयोजन अब 13 मई से होना प्रस्तावित है। हाल ही में एनटीए ने छात्रों को उनके परीक्षा शहर की जानकारी सिटी इंटीमेशन स्लिप के माध्यम से दी है। इसमें सामने आया है कि साइंस विषय और सामान्य अध्ययन-अंग्रेजी भाषा के पेपर में काफी अंतर है। सीयूईटी में बैठने वालों में अधिकांश छात्र सीबीएसई के होते हैं। जिनका माध्यम अंग्रेजी होता है।

साइंस में कैमिस्ट्री, फिजिक्स, बायोलॉजी और मैथेमेटिक्स का पेपर 14 मई को होगा। वहीं जनरल स्टडीज और इंग्लिश का पेपर तीन जून को आयोजित किया जाएगा। यानी, पेपर्स के बीच करीब 20 से 22 दिन का समय छात्रों के पास रहेगा। जबकि अन्य विषयों में दोनों पेपर के बीच कम समय ही मिलेगा। सीयूईटी में छात्रों को दो दिन परीक्षा देनी होती है।



### 50 सवाल हल करने होंगे 60 मिनट में

एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि सब्जेक्ट डोमेन के 3 पेपर होंगे। लैंग्वेज एवं जनरल स्टडीज का एक प्रश्नपत्र होगा। लैंग्वेज डोमेन तथा जनरल स्टडीज के प्रश्न पत्र का आयोजन सब्जेक्ट के पेपर के साथ नहीं होगा। परीक्षा में 50 सवालों को 60 मिनट में हल करने का समय दिया जाएगा।

### नीट देने वालों के पास एक और अवसर

इस साल नीट का पेपर काफी मुश्किल रहा था। ऐसे में बायोलॉजी के साथ 12वीं देने वालों के पास केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने का एक और अवसर रहेगा। वहीं जिन छात्रों का जेईई मेन खराब हुआ था, वे भी सीयूईटी के माध्यम से सेंट्रल व टेक्निकल यूनिवर्सिटीज में दाखिला ले सकते हैं।

### फोटो क्विज #71

**Q. तस्वीर में दिख रहा देश का यह अनोखा लिविंग रूट ब्रिज किस राज्य में पाया जाता है?**

[A] मेघालय [C] तमिलनाडु
[B] गोवा [D] केरल



क्विज में भाग लेने के लिए **QR कोड** स्कैन करें। इसमें शाम 7 बजे तक हिस्सा ले सकते हैं। 10 विजेताओं को युवाल नोआ हरारी की किताब **'सेपियन्स'** दी जाएगी।




**फोटो क्विज-70 का जवाब-** [A] मेजर ध्यानचंद

**... और 10 लकी विनर्स**

पूजा गर्ग XXXXX45980
महेश अग्रवाल XXXXX34189
माया खाती XXXXX29058
दीपक XXXXX68942
नवजोत कौर XXXXX67036
चिराग भवानीवाला XXXXX18546
विवेक झा XXXXX69856
विवेक उपाध्याय XXXXX22238
श्रेया अतुल घरपुरे XXXXX53744
गिरीश वर्मा XXXXXX90577

**लकी विनर्स से दैनिक भास्कर की टीम जल्द संपर्क करेगी।**

### डेली करंट अफेयर्स

24 घंटे की सबसे बड़ी बातें

## श्रीलंका को वर्ल्ड बैंक से 8500 करोड़ रुपए की मदद

**पिछले 24 घंटे की सबसे महत्वपूर्ण जानकारियां,** जो परीक्षाओं में आपके काम आएंगी। करंट अफेयर्स को मोबाइल पर प्राप्त करने के लिए यह QR स्कैन करें।

**01. अमेरिका ब्रिटेन में व्यापार समझौता :** अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता किया है। इससे चुनिंदा ब्रिटिश कारों पर आयात कर में कमी, इस्पात के शुल्क-मुक्त आयात शामिल हैं।

**02. तीरंदाजी विश्व कप :** शंघाई में तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारत की दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचे।

**03. श्रीलंका को वर्ल्ड बैंक का सहायता पैकेज :** विश्व बैंक ने अगले तीन वर्षों के दौरान श्रीलंका में रोजगार और निजी क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए करीब 8500 करोड़ रुपए के सहायता पैकेज की घोषणा की।

**04. अंतरिम अमेरिकी अटॉर्नी :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क की पूर्व अभियोजक जीनिन पिरो को वाशिंगटन डीसी के लिए अंतरिम अमेरिकी अटॉर्नी के रूप में नियुक्त किया।

**05. पाकिस्तानी फिल्में बैन :** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी और मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को पाकिस्तान की वेब-सीरीज, फिल्में और अन्य सामग्री हटाने का निर्देश दिया है।

### युद्ध प्रबंधन को लेकर प्रशासन सक्रिय, रोडवेज विभाग नहीं कर रहा गौर

# बस स्टैंड में पेट्रोल पंप, फिर भी फायर सेफ्टी यंत्र व अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं

भास्कर न्यूज़ | डबवाली



डबवाली। कार्यशाला में स्थित सरकारी पेट्रोल पंप।



डबवाली। शहर में बस स्टैंड की टूटी दीवार।

भारत-पाकिस्तान में तनाव और बठिंडा सिरसा हनुमानगढ़ सहित आसपास के जिलों में पाकिस्तान मिसाइल के गिरने से लोगों में डर का माहौल है ऐसे में युद्ध प्रबंधन को लेकर प्रशासन सक्रिय है वही आमजन में भी चिंता और चर्चा का विषय बना हुआ है ऐसी हालत के बीच शहर में सरकारी एकमात्र पेट्रोल पंप रोडवेज बस स्टैंड में है लेकिन इसकी सुरक्षा और चारदीवारी में लापरवाही बनी हुई है विकट परिस्थिति में इसे संभालना और सुरक्षित करना मुश्किल बना हुआ है इसके बावजूद रोडवेज विभाग और प्रशासन इस पर गौर नहीं कर रहे हैं। शहर में हरियाणा रोडवेज की ओर से इंडियन आयल का पेट्रोल पंप बस स्टैंड के अंदर कार्यशाला में स्थापित किया हुआ है। जिससे रोजाना रोडवेज की सभी 40 बसों में डीजल भरा जाता है। यहां पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक भी अभी तक नहीं है। डीजल का स्टॉक भी उतना ही रखा जा रहा है जितना रुटीन में है जबकि विकट परिस्थितियों में यहां फुल स्टॉक रखने और सुरक्षा के प्रबंध पूरे करने की जरूरत है। लापरवाही ऐसी है कि इस पर फायर सेफ्टी यंत्र और अन्य सुरक्षा उपकरण भी पूरे नहीं है। रोडवेज कार्यशाला की चारदीवारी का काम काफी समय से बीच में पड़ा है पिछले 1 साल से इसकी चारदीवारी भी नहीं है। सफाई और सुरक्षा बंदोबस्त भी पूरे नहीं है। ऐसे हालात में जरूरत पड़ने पर सरकारी पेट्रोल पंप को सुरक्षित रखना भी मुश्किल बन सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि युद्ध जैसी स्थिति में पेट्रोल डीजल स्टॉक के लिए सरकारी पंप की अति महत्वपूर्ण भूमिका है।

### चौटाला हाईवे पर 22 किमी दूरी पर सिकरा टूरिस्ट कांप्लेक्स में है दूसरा सरकारी पंप

इसी प्रकार डबवाली पुलिस जिला में दूसरा सरकारी पेट्रोल पंप चौटाला रोड पर शहर से करीब 22 किलोमीटर दूरी पर गांव आसाखेड़ा के सिकर टूरिस्ट कांप्लेक्स में है। जहां सरकारी तौर पर पर्यटन विभाग की ओर से पेट्रोल पंप को ऑपरेट किया जाता है। यहां भी भारतमाला हाईवे किनारे पेट्रोल पंप पर सुरक्षा के उपकरण पूरे हैं लेकिन विशेष परिस्थितियों के लिए स्टॉक और प्रबंधन तथा अलर्ट में अभी कमी नजर आ रही है।

### मां की महिमा पर कविताएं सुनाईं

**सिरसा** | विद्यालय खारियां में मातृ दिवस देश की रक्षा में लगे सैनिकों की माताओं को समर्पित करते हुए मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के जयकारे से हुई। नोडल अधिकारी संगीता खुराना की देखरेख में विद्यार्थियों ने मां के प्रति प्रेम और सम्मान जताते हुए गीत, कविता और अन्य प्रस्तुतियां दीं। प्रवक्ता नत्थू राम और मीनू सेठी ने मां की महिमा पर आधारित कविताएं सुनाईं। ग्यारहवीं की छात्रा नीरज ने मां के प्यार से भरी कविता सुनाकर सभी को भावुक कर दिया। विद्यार्थियों ने मां विषय पर कार्ड, चार्ट और पेंटिंग बनाकर प्रदर्शनी लगाई। शबनम की बनाई पेंटिंग को खूब सराहना मिली। विद्यालय के प्राचार्य सदीप सिंह ने अपने संबोधन में देश की सेवा में लगे जवानों की माताओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि मां का त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता। मां का आशीर्वाद हमेशा आगे बढ़ने में मदद करता है। कार्यक्रम के अंत में मंजू देवी, मीरां और रिंकू देवी को 'श्रेष्ठ माता' चुना गया। उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन छात्राओं विशाखा और दृष्टि ने किया।

## मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# सिक्के की तरह जीवन में भी दो पहलू हैं, आप क्या चुनते हैं

**शुक्रवार,** 9 मई की शाम को मैं काम के सिलसिले में उज्जैन जा रहा था। संयोग से उस दिन प्रदोष व्रत था, जो कि हर महीने दोनों पक्षों (शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष) की त्रयोदशी को पड़ता है। यह उन महत्वपूर्ण हिंदू व्रतों में से है, जिसे मेरी मां बहुत श्रद्धा से करती थीं और इस दिन मंदिर जाना कभी नहीं भूलतीं थीं। मैं भले काम से देर से लौटूं, लेकिन वह मंदिर जाने के लिए जरूर कहती थीं, कम से प्रदोष के दिन जाना तो अनिवार्य था। उन दिनों को याद करते हुए मैंने उज्जैन में अपने सहयोगी राजेश पांचाल को फोन किया और उनसे महाकाल के दर्शन कराने का अनुरोध किया और उन्होंने कहा कि 'बाहर हल्की बारिश हो रही है, ऐसे में आज से बेहतर दिन क्या हो सकता है।' उन्होंने महाकवि कालिदास की रचनाओं का जिक्र किया, जिनकी कर्मभूमि उज्जैन थी। कालिदास ने कभी कहा था, "मेघ, तुम अगर जल्दी पहुंच जाओ तो बाबा महाकाल की संध्या आरती में गरजना। उस समय जो ढोल बजाए जाते हैं, उसका श्रेय तुम्हें मिलेगा।' पंचांग में प्रदोष की तिथि और बाहर का सुहावना मौसम...जब मैंने इस सुखद संयोग और संबंध के बारे में सुना तो मैंने कहा, 'वाह, काश मैं शाम की आरती में शामिल हो पाता और भगवान की स्तुति करके उनका आशीर्वाद ग्रहण कर पाता।' उन्होंने विनम्रता से कहा, 'मैं आपकी प्रार्थना बाबा महाकाल तक पहुंचा दूंगा क्योंकि वही तय करते हैं कि उनके धाम में कौन-सा भक्त, कब उनसे मिल सकता है, वह भी ऐसे शुभ अवसरों पर।' इस विनम्रता ने युवा पीढ़ी के प्रति मेरे मन में एक नई श्रद्धा उत्पन्न की, खासकर उस दुनिया में जहां लोग उन चीजों का श्रेय भी ले लेते हैं जो उन्होंने नहीं की होतीं।

**संडे स्पेशल**

चूंकि मेरी कार शहर के एक मुख्य चौराहे पर, बत्ती हरी होने का इंतजार कर रही थी, उन्होंने मुझसे पहले से तय एक जगह पर मिलने के लिए कहा। वहां मैंने देखा कि एक बुजुर्ग दंपति, 'पैदल सिग्नल' हरा होने पर सड़क पार करने के लिए आगे बढ़े। वह शायद मंदिर की ओर जा रहे थे और धोती पहनने के कारण उन बुजुर्ग को चलने में शायद थोड़ी दिक्कत हो रही थी। तभी अचानक एक ड्राइवर, जिसे लगा कि उसका बायां मोड़ हमेशा की तरह खाली होगा, वह गाड़ी मोड़ता हुआ उनके रास्ते में आ गया। 'अरे!' वे बुजुर्ग दंपति चिल्लाते हुए पीछे हट गए। ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाए, खिड़की का शीशा नीचे किया और कंधों व कानों के बीच में मोबाइल फंसाए हुए कहा, 'गलती हो जाती है' और फोन पर बात करने लगा। इस पर वह बुजुर्ग गरजते हुए बोले, 'गलतियां हो जाती हैं? तुम तो हमें सीधा महाकाल के पास पहुंचा चुके होते।' विभूति के लेप से माथे के बीचों-बीच बनी तीन रेखाएं और बीच में कुमकुम का टीका लगाए बुजुर्ग का माथा इसे आवेश में सिकुड़कर आधा रह गया। ड्राइवर बुदबुदाया, 'काश मैं कर पाता!' और तेजी से चला गया।

मैंने रुककर उन बुजुर्ग दंपति को लिफ्ट देने का फैसला किया। पर उन्होंने विनम्रता से इंकार कर दिया और कहा, 'जो होता है, अच्छे के लिए होता है।' दंपति ने भगवान से मन्नत मांगी थी कि उनका नौजवान बेटा ठीक हो जाए, और वे नंगे पैर चलकर बाबा महाकाल की चौखट पर आएंगे। मैंने उन्हें शुभकामनाएं दीं और वहां से चला गया। अपना काम निपटाने के ढाई घंटे बाद मैं राजेश से मिला और मंदिर पहुंचा और पाया कि वही बुजुर्ग दंपति मंदिर में आरती के समय मेरे बगल में बैठे थे और उस गलती करने वाले ड्राइवर को आशीर्वाद दे रहे थे। उन्होंने मेरे कान में फुसफुसाते हुए कहा, 'चूंकि उसके कारण हमें देर हो गई और हम इस आरती में शामिल हो सके, नहीं तो हम चूक जाते। इसलिए मैंने उस ड्राइवर के लिए भी प्रार्थना की।'

**फंडा यह है कि** हमारे सृजनकर्ता हमारे जीवन में विकल्प रूपी सिक्के फेंकते हैं और हमें वह चुनने के लिए प्रेरित करते हैं, जो हमें खुशी दे। अच्छे लोग उस क्षण में जीने का चुनाव करते हैं, बजाय इसके लिए अतीत के बारे में सोचते रहें या अनिश्चित भविष्य की खोज में रहें, जैसा कि वह तेज गति से चलने वाला ड्राइवर कर रहा था।

# 22 लाख बैग का उठान पेंडिंग ₹210 करोड़ भुगतान अटका

### ग्रामीण मंडियों में गेहूं के ढेर बरकरार, मौसम में बदलाव से भीगने का खतरा

भास्कर न्यूज़ | सिरसा



सिरसा। गांव खारियां की मंडी में गेहूं के ढेर बरकरार।

जिले की मंडियों में अब तक 84 लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं खरीदा जा चुका है। लेकिन इसमें से सिर्फ 71 लाख लाख 85 हजार क्विंटल गेहूं यानि बैग यानी 87.97 फीसदी माल उठ पाया है।

मंडियों में अब भी करीब 11 लाख क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा है। इसमें 11 लाख क्विंटल गेहूं के 22 लाख बैग शामिल हैं। इससे किसानों और मजदूरों के 210 करोड़ रुपये का भुगतान अटका हुआ है। शहर की मंडियों में गेहूं की बोरियां कम बची हैं। लेकिन कई ग्रामीण मंडियों में अब भी गेहूं के ढेर लगे हैं। आसमान में बादल छाए हैं। इससे गेहूं भीगने का खतरा बढ़ गया है। मंडी प्रशासन और व्यापारियों के पास गेहूं ढकने के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। बारिश में भीगा गेहूं लस्टर लॉस की श्रेणी में आ रहा है। गोदामों से हजारों बैग गेहूं वापस लौटाया गया है। इससे किसानों के भुगतान में और देरी हो रही है। किसान खेतों से गेहूं मंडियों तक पहुंचा चुके हैं।

लेकिन उठान न होने से उन्हें भुगतान नहीं मिला है। आढ़ती और व्यापारी गेहूं मंडियों में उतरवा चुके हैं। कई मंडियों में गेहूं के बैग तक नहीं भरे गए हैं। इससे उठान और भुगतान दोनों प्रभावित हो रहे हैं। सरकार ने 48 से 72 घंटे में किसानों के खाते में भुगतान देने का दावा किया था। लेकिन जिला प्रशासन की अनदेखी से यह दावा हवा होता दिख रहा है। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है।

### साप्ताहिक हवन और वैदिक सत्संग हुआ

**सिरसा** | बेगू रोड स्थित आर्यसमाज सिरसा में शनिवार को साप्ताहिक हवन यज्ञ और वैदिक सत्संग हुआ। इसमें कार्यकारी प्रधान भूपसिंह गहलोत ने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हत्या पर दुख जताया। मृतकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भारत-पाक तनाव पर चर्चा की। पाक में मौजूद आतंकी ठिकानों को सेना द्वारा ध्वस्त करने की कार्रवाई को साहसिक बताया। गहलोत ने कहा कि भारत हमेशा शांति चाहता है। लेकिन पाकिस्तान की ओर से भेजे गए आतंकियों ने जिस तरह निर्दोषों की हत्या की, वह निंदनीय है। उन्होंने कहा, भारत सरकार आतंक के अजगर को कुचलने के लिए जो कदम उठा रही है, उसमें पूरा देश एकजुट है। गहलोत ने कहा कि आर्यसमाज ने आजादी की लड़ाई में भी अहम भूमिका निभाई थी। आज भी हर सेवा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, देश सर्वोपरि है। हर नागरिक सरकार और सेना के साथ खड़ा है। आर्यसमाज के संस्कारों में भी बताया गया है कि क्रूर और कायर दुश्मनों को सबक सिखाना चाहिए।

## राजकीय स्कूलों को मिले प्रिंसिपल



डबवाली। गांव सकता खेड़ा के राजकीय स्कूल में प्रिंसिपल की नियुक्ति।

भास्कर न्यूज़ | डबवाली

खंड के कई सरकारी स्कूलों में 10 साल बाद प्रिंसिपल की नियुक्ति हुई है। कुछ स्कूलों में पहली बार प्रिंसिपल मिले हैं। इससे स्टाफ और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। अभिभावकों और बच्चों ने भी पढ़ाई के स्तर में सुधार की उम्मीद जाहिर की है। शहर के निकट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सकता खेड़ा में प्रधानाचार्य पद पर पहली बार प्रदीप पारीक की नियुक्ति हुई है और उन्होंने स्कूल में कार्यभार संभाला है। इस मौके पर कार्यकारी प्रिंसिपल रही सीमा शर्मा ने स्कूल परिवार के साथ उनका भव्य स्वागत किया। वहीं बीईओ लक्ष्मणदास ने शुभकामनाएं दी। प्रिंसिपल प्रदीप पारीक ने स्टाफ और बच्चों को मेहनत करने और बेहतर परिणाम देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रवीण मोंगा, पूजा, परमजीत कौर, विजय कुमार, संदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुरेंद्र नंदा, संदीप गोयल, बलराज छाबड़ा सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अबूबशहर से राकेश बिश्नोई, मनजीत, मनदीप, तरुण गोयल, पवन शास्त्री, दीपशिखा, सुलोचना, नीलम, वीरपाल कौर, विष्णु दत्त, एबीआरसी पवन शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी प्रकार गांव सुखेराखेड़ा के राजकीय स्कूल में डॉ इंद्रसेन सहारण ने बतौर प्रिंसिपल पहली बार कार्यभार ज्वाइन किया है।

# नचिकेतन स्कूल में रक्तदान शिविर लगाया, 75 यूनिट रक्त एकत्रित

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 18 वर्षों से शिविर का किया जा रहा आयोजन

भास्कर न्यूज़ | ऐलनाबाद



रक्तदान कैंप का शुभारंभ करते अतिथि।

नचिकेतन पब्लिक स्कूल में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि सुरेन्द्र कुमार, एसएचओ, थाना ऐलनाबाद, विशिष्ट अतिथि डॉ. लोकेश शर्मा व गायत्री शर्मा, जनता हस्पताल, ऐलनाबाद, विद्यालय चेयरमैन राजेंद्रसिंह सिद्धु, सचिव छबील दास सुथार, निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु, प्रशासक अशोक कुमार, प्रिंसिपल सत्यानाराण पारीक, परमिंद्र सिंह सिद्धु, कपिल सुथार, शिवम सुथार व अन्य विद्यालयों के संचालक जुगल किशोर, कुलवंत कम्बोज, अनिल थेंच ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह रक्तदान शिविर सिरसा के वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड सैंटर के सहयोग से लगाया गया। दिनेश बगाड़िया के नेतृत्व में डॉ.जगदीश राय, अंकुश तलवाड़, गुरप्रीत सिंह, विक्रम सिंह, सत्यवान कुमार, बलवान सिंह, अशोक कुमार व पूनम शर्मा ने अपनी अहम भूमिका निभाई। रक्तदान शिविर में कुल 10 महिलाओं सहित 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं का स्वागत करते हुए विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस पर पिछले 18 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन विद्यालय में करवाया जाता है। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा रक्तदाताओं को रक्तदान के उपरान्त स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

### सीडीएलयू के चेयरमैन बने बजरंग लाल

**सिरसा** | चौधरी विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित (हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ) की कार्यकारिणी के चुनाव करवाए गए, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के पंजाब, हरियाणा के प्रभारी एवं राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री कृष्ण लाल गुर्जर ने की। सर्वसम्मति से चेयरमैन बजरंग लाल, प्रधान रविंद्र सैनी, वरिष्ठ उपप्रधान संजय श्योराण, उपप्रधान लीलूराम जांगड़ा, सचिव डा. सुरेंद्र हांडा, सहसचिव मनोज रेहलन, सहसचिव रोहताश गुज्जर, कोषाध्यक्ष प्रवीन कपूर, कार्यकारी सदस्य राम शब्द, अनिल कुमार, अनिल गुज्जर, राजकुमार वर्मा, रामनाथ को नियुक्त किया गया है। कृष्ण गुज्जर ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कर्मचारियों के हित में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। कृष्ण लाल गुज्जर ने कहा कि वर्तमान में देश के हालात को देखते हुए आमजन से आह्वान है कि वो सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करें।

# डबवाली मलोट बाइपास पर कैंटर डिवाइडर से टकराया

### चालक और परिचालक गंभीर घायल, अस्पताल में करवाया भर्ती

भास्कर न्यूज़ | डबवाली



डबवाली मलोट बाइपास पर बाइपास के बीच खड़ा क्षतिग्रस्त कैंटर।

गांव डूमवाली के पास डबवाली मलोट बाइपास पर शनिवार दोपहर बाद एक कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिसमें चालक व परिचालक के गंभीर चोटें आई। जिसके बाद राहगीरों ने इसकी सूचना मंडी डबवाली एंबुलेंस सेवा ट्रस्ट को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एंबुलेंस चालक कुलवंत सिंह ने घायलों को शहर के सरकारी अस्पताल में उपचाराधीन करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एम्स बठिंडा रेफर कर दिया।

कैंटर चालक कश्मीर सिंह पुत्र सोहन लाल निवासी गांव माधो सिंघाना सिरसा ने बताया कि वह सुबह तरसेम सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी मल्लेकां को साथ लेकर कैंटर में खाद भरकर गिद्दड़बाहा, श्री मुक्तसर साहिब व बठिंडा गया हुआ था। उसने बताया कि दोपहर बाद वह गिद्दड़बाहा से डबवाली मलोट बाइपास पर सिरसा की तरफ जा रहा था। इस दौरान वह कैंटर चला रहा था और कश्मीर सिंह कंडक्टर सीट पर बैठा हुआ था। उसने बताया कि जब वह बाइपास पर ओवर ब्रिज पर पहुंचे तो कैंटर के अचानक ब्रेक चिपक जाने से कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिसमें उसके भी काफी चोटें आई और कश्मीर सिंह के सिर व नाक पर गंभीर चोटें लगी। जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे एम्स बठिंडा रेफर कर दिया है।

### युवक पिस्तौल सहित गिरफ्तार, केस दर्ज

**रतिया** | सदर पुलिस ने गांव लाली में एक युवक को 315 बोर की अवैध पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। युवक की पहचान वार्ड 10, पीरू राम कॉलोनी रतिया निवासी विक्रम उर्फ मजनू के रूप में हुई। सदर थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### बच्चों ने गीत-कविता से जताया प्यार

भास्कर न्यूज़ | कालांवाली

बिशना मल जैन सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। छात्रों ने अपनी माताओं के प्रति भावनाएं गीत, कविता, नृत्य और कला के माध्यम से व्यक्त कीं। बच्चों ने मां के लिए कार्ड और फोटो फ्रेम बनाए। नन्हे-मुन्नों ने मां के लिए सुंदर गीत गाए। विद्यालय परिसर मधुर स्वरों से गूंज उठा।

### श्री राम सतलुज सीनियर सेकंडरी स्कूल में मातृ दिवस पर हुई प्रतियोगिता

# मी एंड मॉम गाने पर बच्चों ने किया नृत्य

भास्कर न्यूज़ | सिरसा




सिरसा। माताओं को सम्मानित करते हुए।

श्री राम न्यू सतलुज सीनियर सेकंडरी स्कूल में मातृ दिवस पर 'मी एंड मॉम' डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की संस्थापिका शशि सचदेवा के उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा मां शब्द अपने आप में पूर्ण है। मां बच्चे को जन्म देने से लेकर जीवन भर उसके लिए त्याग करती है। मां की ममता का कोई मोल नहीं। उन्होंने कहा की जब दवा असर नहीं करती तो मां नजर उतारती है। वह कभी हार नहीं मानती।

कार्यक्रम में अदिति, रिद्धि, मानवी, अलिशा, जिया, चहक और नवजोत ने मातृत्व पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। प्रस्तुति ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। नन्हे बच्चों ने अपनी माताओं के साथ विभिन्न गीतों पर नृत्य कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। जूनियर विंग ईव मून स्कूल की कक्षा उपवन से योयोन ने अपनी माता साक्षी के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंशिका ने अपनी माता करीना के साथ दूसरा स्थान और दीपांजलि ने अपनी माता प्रतिभा के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा पहली से तीसरी तक की प्रतियोगिता में ध्रुव ने अपनी माता निर्मला के साथ प्रथम स्थान पाया। कनिष्क ने अपनी माता शोभिता के साथ दूसरा और रिया ने अपनी माता रीतू के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि उप निदेशिका ऊर्जा और केशव कालरा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। मंच संचालन शैगी और जसप्रीत ने किया।

### मातृ दिवस पर छोटे बच्चों ने मां के लिए गाए गीत

**रानियां** | अभोली स्थित गुरु नानक इंटरनेशनल अकादमी में शनिवार को मातृ दिवस पर भावनाओं से भरा कार्यक्रम हुआ। स्कूल परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान जताया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या सलोनी डूमरा बजाज के प्रेरणादायक भाषण से हुई। उन्होंने कहा की माँ केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि पहली गुरु और सबसे अच्छी मित्र होती है। इसके बाद छोटे बच्चों ने माँ के लिए गीत गाए और नृत्य प्रस्तुत किए। बड़ी कक्षाओं के छात्रों ने माँ के त्याग और समर्पण पर आधारित नाटक पेश किया। प्रस्तुति इतनी भावुक थी कि कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं उपप्रधानाचार्या गुरमीत कौर ने बच्चों को मातृ दिवस से जुड़ी ज्ञानवर्धक कहानी सुनाई। कार्यक्रम का खास आकर्षण वह पल रहा, जब बच्चों ने खुद बनाए ग्रीटिंग कार्ड और उपहार अपनी माताओं को दिए। इस दौरान माताओं के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ नजर आया। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के गुलशन बजाज, सुभाष बजाज आदि ने धन्यवाद दिया।

### बंद मकान से चोरी, दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा** | कीर्ति नगर पुलिस चौकी ने बंद मकान से एलईडी और घरेलू सामान चोरी की वारदात सुलझा ली है। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों में एक का नाम बाबू लाल है। वह गांव अरनियांवाली, थाना नाथूसरी चौपटा का रहने वाला है। दूसरा युवक दीपक है, जो सिरसा का निवासी है। पीड़ित सुधीर पुत्र मोहन लाल, गली नंबर 8, अग्रसेन कॉलोनी सिरसा का रहने वाला है। वह प्राइवेट नौकरी करता है। इस समय अपने परिवार के साथ नोहरिया बाजार सिरसा में रह रहा है। उसने पुलिस को बताया कि उसने अग्रसेन कॉलोनी स्थित अपना मकान बेचने के लिए खाली छोड़ा हुआ था। 8 मई को कुछ अज्ञात युवक मकान का ताला तोड़कर वहां से एलईडी और घरेलू सामान चोरी कर ले गए थे।

# फोटो फ्रेम मेकिंग प्रतियोगिता में याहवी ने पाया प्रथम स्थान

### डीएवी स्कूल मे मदर्स डे के उपलक्ष्य मे विशेष कार्यक्रम आयोजित

भास्कर न्यूज़ | सिरसा



सिरसा। डीएवी स्कूल मे मदर्स डे पर कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

स्थानीय डीएवी की स्कूल में कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के लिए मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को और उत्साहवर्धन बनाने के लिए एलकेजी व यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों की माताओं को स्कूल में आमंत्रित किया गया ।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। छोटे-छोटे बच्चो ने नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से सभी का मोह लिया। छात्रों की माताओं ने भी 6 यूजिकल कप, सुपर मॉम प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर आनन्द उठाया। वहीं कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चो ने अपनी मां के प्रति प्यार दिखाते हुए कार्ड व फोटो फ्रेम बनाए। वही इस अवसर पर फोटो फ्रेम मेकिंग तथा पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा छठी से दसवीं तक बच्चों ने बढ़-चढ़ कर बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान को रचनात्मक रूप में व्यक्त किया। बच्चों ने भावुक और सुंदर शब्दों में अपनी माताओं के लिए पत्र लिखे और आकर्षक फोटो फ्रेम बनाए।

विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बच्चों की रचनात्मकता और मातृभक्ति की भावना की सराहना की। स्कूल प्राचार्य राजीव ने बच्चों को मातृ प्रेम का महत्व समझाते हुए कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरू होती है और इस दिन को मनाना उन्हें सम्मान देने का एक छोटा सा प्रयास है। फोटो फ्रेम मेकिंग प्रतियोगिता (छट्टी व सातवी) में याहवी ने प्रथम, हरगुन व चिराग ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नव्या को सांत्वना पुरस्कार मिला। पत्र लेखन प्रतियोगिता (आठवीं) में लावण्या ने प्रथम, ओजस्वी ने द्वितीय व दक्षेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ऐसा कैम्पस और इतने सलेक्शन्स अन्यत्र कहीं नहीं मिलेंगे...

निःसंदेह राजस्थान ही नहीं बल्कि भारत की नं. 1 डिफेंस एकेडमी

# प्रिंस डिफेंस एकेडमी, सीकर

NDA | AIR FORCE | NAVY | ARMY | SSC

स्कूलिंग भी... विभिन्न कॉम्पिटिशन्स की तैयारी भी...
डेली फिजिकल वर्क आउट एवं अनुशासित माहौल भी




अब
9वीं-10वीं,
11वीं-12वीं साइंस,
11वीं-12वीं आर्ट्स
के साथ ही शुरू करें
कॉम्पिटिशन्स की तैयारी



Air Force Result-2025
**363** Students Selected for GD & PFT

**12वीं के बाद**
कॉलेज + डिफेन्स सर्विसेज
B.Sc • B.A. + NDA • AIR FORCE • NAVY • ARMY • SSC

**8वीं/10वीं के बाद ही शुरू करें**
स्कूल + कॉम्पिटिशन्स की तैयारी
IX-X • XI-XII Science • XI-XII Arts + NDA • AIR FORCE • NAVY • ARMY

एक के बाद एक
रिकॉर्ड सलेक्शन्स

NDA SSB **89** IN LAST 3 YEARS Recommended Cadets

| | | |
|---|---|---|
| इण्डियन नेवी फाइनल मेरिट लिस्ट 01/2025 | 21 SELECTIONS | (INDIAN NAVY- SSR) |
| इण्डियन आर्मी फाइनल मेरिट लिस्ट 01/2025 | 35 SELECTIONS | (Tech.-10, GD-19, Clerk-06) |
| इण्डियन एयरफोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट 01/2025 | 85 SELECTIONS | (Group : X-51, Y-34) |
| इण्डियन नेवी फाइनल मेरिट लिस्ट 02/2024 | 28 SELECTIONS | (INDIAN NAVY- SSR) |
| इण्डियन एयरफोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट 01/2024 | 78 SELECTIONS | (Group : X-46, Y-32) |
| इण्डियन एयर फोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट 01/2023 | 174 SELECTIONS | (Group : X-139, Y-35) |
| इण्डियन नेवी फाइनल मेरिट लिस्ट 02/2023 | 34 SELECTIONS | (INDIAN NAVY- SSR) |
| इण्डियन नेवी फाइनल मेरिट लिस्ट 01/2023 | 48 SELECTIONS | (INDIAN NAVY- SSR) |
| विविध भारतीय सरकारी सेवाओं में चयन (सत्र 2022-23) | 32 SELECTIONS | (ARMY, SSC, RO, Others) |
| इण्डियन नेवी फाइनल मेरिट लिस्ट फरवरी-2022 | 32 SELECTIONS | (Group : AA-09, SSR-23) |
| इण्डियन एयर फोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट मई, 2021 | 137 SELECTIONS | (Group : X-82, Y-55) |
| इण्डियन एयर फोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट अक्टूबर, 2019 | 93 SELECTIONS | (Group : X-72, Y-21) |
| इण्डियन नेवी फाइनल मेरिट लिस्ट जून-2019 | 38 SELECTIONS | (Group : AA-11, SSR-27) |
| इण्डियन एयर फोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट अप्रेल, 2019 | 73 SELECTIONS | (Group : X-54, Y-19) |
| विविध भारतीय सरकारी सेवाओं में चयन (2023-24) | 50 SELECTIONS | (ARMY, SSC, RO, Others) |
| इण्डियन एयर फोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट 02/2023 | 204 SELECTIONS | (Group : X-119, Y-85) |
| इण्डियन एयर फोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट दिसम्बर, 2022 | 172 SELECTIONS | (Group : X-141, Y-31) |
| इण्डियन नेवी फाइनल मेरिट लिस्ट नवम्बर, 2022 | 20 SELECTIONS | (INDIAN NAVY- SSR) |
| इण्डियन एयर फोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट मई, 2020 | 122 SELECTIONS | (Group : X-73, Y-49) |
| इण्डियन नेवी फाइनल मेरिट लिस्ट जनवरी-2020 | 22 SELECTIONS | (Group : AA-14, SSR-08) |
| आर्मी फाइनल सलेक्शन्स -2019-20 (Tech., GD, Clerk) | 43 SELECTIONS | (Group : Tech.-12, GD-19, Clerk-12) |
| विविध भारतीय सरकारी सेवाओं में चयन (सत्र 2019-20) | 54 SELECTIONS | (SSC, Railway, Police etc.) |

भारत में सर्वाधिक
**1595*** Total Selections
(April-2019 to March-2025)
*Selected in Final Merit List & Joined Defence Forces.

Fully Residential Campus for Boys & Girls




Campus Tour देखना ना भूलें

ADMISSIONS in Full Swing Classes Continued.

Palwas, SIKAR (Rajasthan). Admission Helpline : 9610-73-2222, 9610-74-2222 | princeeduhub.com